# राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2019

**खेल में उत्कृष्टता** को पहचानने और **पुरस्कृत** करने के लिए हर साल **राष्ट्रीय खेल पुरस्कार** दिए जाते हैं। इस लेख में, हम **राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2019 विजेताओं** की सूची साझा कर रहे हैं।

- राजीव गांधी खेल रत्न भारत में दिया जाने वाला **सबसे बड़ा खेल पुरस्कार** है। इस पुरस्कार को भारत के **भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी** के नाम पर रखा गया है।
- राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं को पदक, प्रशस्ति पत्र के अलावा साढ़े सात लाख रूपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।
- अर्जुन, द्रोणाचार्य और ध्यानचंद पुरस्कार विजेताओं को लघु प्रतिमा, प्रमाण पत्र और पांच-पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।
- राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2019 में संस्था को एक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र दिया जाता है।
- राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।
- अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय को एमएकेए ट्रॉफी, 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

**नोट:** राष्ट्रपति भवन में 29 अगस्त, 2019 को विशेष रूप से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

- **युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय** द्वारा खेल में उत्कृष्टता को पहचानने एवं सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष यह पुरस्कार दिया जाता है|
- इन पुरस्कारों में शामिल हैं-

  (i)राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार

  (ii) द्रोणाचार्य पुरस्कार

  (iii)अर्जुन पुरस्कार

  (iv)ध्यानचन्द पुरस्कार

## (i) राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार

- सर्वप्रथम 1991-92 में पुरस्कृत किया गया|
- चार वर्षों के लिए शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खेल में दिया गया **सर्वोच्च सम्मान**|
- पुरस्कार में पदक, एक प्रमाण पत्र, एवं 7.5 लाख रुपयों का नकद पुरस्कार शामिल हैं|
- **प्रथम प्राप्तार्थी**, **विश्वनाथन आनंद**(शतरंज खिलाड़ी) थे|
- अभिनव बिन्द्रा इस पुरस्कार के सबसे युवा प्रप्तार्थी हैं|





## (ii) द्रोणाचार्य पुरस्कार

- पहली बार 1985 में दिया गया था|
- प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों में पदक विजेता बनाने के लिए दिया जाने वाला खेल प्रशिक्षण सम्मान|
- पुरस्कार के प्रथम प्रप्तार्थी थे-
  (1)भालचंद्र भास्कर भगवत (पहलवानी)
  (2)ओमप्रकाश भारद्वाज (मुक्केबाजी)
  (3) O. M. नम्बिअर(व्यायाम)
- पुरस्कार में एक द्रोणाचार्य की एक कांस्य प्रतिमा, एक प्रमाण-पत्र एवं 5 लाख रुपयों का नकद पुरस्कार शामिल हैं|

## (iii) अर्जुन पुरस्कार

- सर्वप्रथम 1961 में पुरस्कृत किया गया|
- चार वर्षों के निरंतर शानदार प्रदर्शन हेतु दिया जाता है|
- पुरस्कार में अर्जुन की एक कांस्य प्रतिमा, एक प्रमाण-पत्र, एवं 5 लाख रुपयों का नकद पुरस्कार शामिल हैं|
- सरकारी निर्देश 2001 के अनुसार, सिर्फ निम्न वर्ग को ही अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है-
  (a) ओलंपिक खेलों / एशियाई खेलों / राष्ट्रमंडल खेलों / विश्व कप / विश्व चैम्पियनशिप अनुशासन और क्रिकेट स्वदेशी खेलों(b) शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए खेल
- अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम क्रिकेटर- सलीम दुर्रानी

## (iv) ध्यानचन्द पुरस्कार

- सर्वप्रथम 2002 में पुरस्कृत किया गया था|
- खेल विकास में जीवन-पर्यन्त योगदान हेतु दिया जाता है|
- पुरस्कार के प्रथम प्रप्तार्थी थे-
  (a) शाहुराज बिराजदार(मुक्केबाजी)
  (b) अशोक दीवान(हॉकी)
  (c) अपर्णा घोष(बास्केटबॉल)
- पुरस्कार में एक प्रतिमा, एक प्रमाण-पत्र, एवं 5 लाख रुपयों का नकद पुरस्कार शामिल हैं|








**बजरंग पुनिया:**

- पुनिया का जन्म भारत के हरियाणा राज्य के झज्जर जिले के खुड़न गाँव में हुआ था।
- 2017 मई में, उन्होंने दिल्ली में आयोजित एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने गोल्ड कोस्ट, ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता
- उन्हें **अर्जुन पुरस्कार** (2015 में) और **पद्म श्री पुरस्कार** (2019 में) मिला।
- वर्तमान में, वह **टीटीई** (ट्रैवलिंग टिकट परीक्षक) के पद पर भारतीय रेलवे में काम करता है।

**सुश्री दीपा मलिक:**

- दीपा मलिक का जन्म भारत के हरियाणा राज्य के पानीपत जिले के भैसवाल में हुआ था।
- भारतीय एथलीट दीपा मलिक (48 वर्ष) पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं और शॉट पुट में 2016 के ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक में रजत पदक जीता।
- उन्होंने 2018 में दुबई में आयोजित पैरा एथलेटिक ग्रैंड प्रिक्स में एफ -53 / 54 जेवलिन इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता है।
- वर्तमान में, वह एफ -53 श्रेणी में दुनिया की नंबर एक है।
- मलिक कर्नल बिक्रम सिंह की पत्नी और कर्नल बीके नागपाल की बेटी हैं।

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2019: विजेताओं की सूची**





# राजीव गांधी खेल रत्न 2019

| क्र. सं. | खिलाड़ी का नाम | खेल |
|---|---|---|
| 1. | श्री बजरंग पुनिया | कुश्ती |
| 2. | सुश्री दीपा मलिक | पैरा एथलेटिक्स |

# द्रोणाचार्य पुरस्कार 2019

| क्र. सं. | कोच का नाम | खेल |
|---|---|---|
| 1. | श्री विमल कुमार | बैडमिंटन (नियमित श्रेणी) |
| 2. | श्री संदीप गुप्ता | टेबल टेनिस (नियमित श्रेणी) |
| 3. | श्री मोहिंदर सिंह ढिल्लों | एथलीटिक्स (नियमित श्रेणी) |
| 4. | श्री मरज़बान पटेल | हॉकी (लाइफ टाइम) |
| 5. | श्री रामबीर सिंह खोखर | कबड्डी (लाइफ टाइम) |
| 6. | श्री संजय भारद्वाज | क्रिकेट (लाइफ टाइम) |

# अर्जुन पुरस्कार 2019

| क्र. सं. | खिलाड़ी का नाम | खेल |
|---|---|---|
| 1. | श्री तजिंदरपाल सिंह तूर | एथलेटिक्स |
| 2. | मोहम्मद अनस याहिया | एथलीटिक्स |
| 3. | श्री एस भास्करन | बॉडी बिल्डिंग |
| 4. | सुश्री सोनिया लाथेर | मुक्केबाज़ी |
| 5. | श्री रवींद्र जडेजा | क्रिकेट |
| 6. | श्री चिंगलेनसाना सिंह कंगुजम | हॉकी |
| 7. | श्री अजय ठाकुर | कबड्डी |
| 8. | श्री गौरव सिंह गिल | मोटर स्पोर्ट्स |
| 9. | श्री प्रमोद भगत | पैरा स्पोर्ट्स (बैडमिंटन) |
| 10. | सुश्री अंजुम मौदगिल | शूटिंग |





| | | |
|---|---|---|
| 11. | श्री हरमीत राजुल देसाई | टेबल टेनिस |
| 12. | सुश्री पूजा ढांडा | कुश्ती |
| 13. | श्री फौआद मिर्ज़ा | घुड़सवारी |
| 14. | श्री गुरप्रीत सिंह संधू | फ़ुटबॉल |
| 15. | सुश्री पूनम यादव | क्रिकेट |
| 16. | सुश्री स्वप्ना बर्मन | एथलीटिक्स |
| 17. | श्री सुंदर सिंह गुर्जर | पैरा स्पोर्ट्स (एथलेटिक्स) |
| 18. | श्री भमिदीपति साई प्रणीत | बैडमिंटन |
| 19. | श्री सिमरन सिंह शेरगिल | पोलो |

## ध्यान चंद पुरस्कार 2019

| क्र. सं. | खिलाड़ी का नाम | खेल |
|---|---|---|
| 1. | श्री मैनुअल फ्रेड्रिकस | हॉकी |
| 2. | श्री मनोज कुमार | कुश्ती |
| 3. | श्रीनितेनकिरतने | टेनिस |
| 4. | श्री सी. लालरेमसंगा | तीरंदाजी |
| 5. | श्री अरूप बसक | टेबल टेनिस |

## राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2019

| क्र. सं. | वर्ग | इकाई का नाम |
|---|---|---|
| 1. | उभरते और युवा प्रतिभा की पहचान और पोषण | (i) गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन<br>(ii) गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन |
| 2. | कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन | -- |
| 3. | 'खिलाड़ियों को रोजगार और अन्य कल्याणकारी उपाय'विकास के लिए खेल | -- |





| | | |
|---|---|---|
| 4. | विकास के लिए खेल | रायलसीमा विकास ट्रस्ट |

**(vi) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (एमएकेए) ट्रॉफी, 2019**

- **विजेता: पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़**
- अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय को एमएकेए ट्रॉफी, 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।



